दिनांक 19.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 अगस्त से 18 सितम्बर तक 122596 कूलर खाली कराये गये एवं 9254 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 160334 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 11065 स्थानों एवं 773 स्कूल, 603 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 1057543 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 183377 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2425 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु होर्डिंग्स 204, कटआउट 1692 एवं फ्लैक्स 100, स्टैण्डिक होर्डिंग्स 75 विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 21 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है।

18 सितम्बर 2018 को डेंगू के नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा अब तक 646 कूलर खाली कराये गये एवं 29 कूलर को निकलवाया गया। 3071 स्थानों में स्प्रे पम्प से मैलाथियान/टेमिफास का छिड़काव, 276 स्थानों में एवं 07 स्कूल, 06 आंगनबाड़ी केन्द्रो में फागींग के धुएं का छिड़काव कराया गया।
जन जागरुकता हेतु 466 पाम्पलेट का वितरण किया गया है। विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, वी.टी.पी. के बच्चों के सहयोग से 06 स्थानों में रैली निकाली गई।

जनसम्पर्क अधिकारी